# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, सोनभद्र।

पत्र संख्या– 1746/29–निर्वाचन–2019 दिनांक–01 ~~जून,~~ जुलाई 2019

विषय– जिला निर्वाचन कार्यालय एवं मतदाता पंजीकरण केन्द्रों के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से डाटा इंट्री आपरेटर की सेवाएं विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

डाटा लाइव कम्प्यूटर टेक्नोलाजी
कटरा, इलाहाबाद।

उपरोक्त विषयक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या–2884/सी0ई0ओ0–1–59/2017टीसी दिनांक 12 जून, 2019 एवं पत्र संख्या–2927/सी0ई0ओ0–1–59/2017टीसी दिनांक 17 जून, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करें। उक्त पत्रों द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय एवं मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से 30.06.2019 तक नियुक्त आपरेटरों में से 01–01 कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवाएं अग्रेतर दिनांक 29.02.2020 तक के लिए सेवा विस्तार किये जाने का निर्णय लिया गया है। कम्प्यूटर सहायक की सेवाएं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या–1300/सी0ई0ओ0–4 दिनांक 31 मई, 2017 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन ली जायेंगी।

अतएव उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या–1300/सी0ई0ओ0–4 दिनांक 31 मई, 2017 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर सहायक तथा मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर कार्यरत 01–01 डाटा इण्ट्री/कम्प्यूटर आपरेटरों का दिनांक 29.02.2020 तक के लिए सेवा विस्तार किए जाने हेतु तत्काल अनुबन्ध पत्र से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये। उक्त कार्य में विलम्ब की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
सोनभद्र।

संख्या /29–निर्वाचन–2019 तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः 1–जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2–समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
3–वरिष्ठ कोषाधिकारी, सोनभद्र को सूचनार्थ प्रेषित।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
सोनभद्र